

सब का सपना

निष्पक्ष व निडर - हिंदी दैनिक समाचार पत्र

चेतेश्वर पुजाराः धैर्य, समर्पण और टेस्ट क्रिकेट की दीवार पेज: 7

भारत का 77वाँ गणतंत्र दिवस : संविधान, उपलब्धियाँ और पेज: 8

वर्ष : 01 | अंक : 287 | सोमवार 26 जनवरी 2026 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 08 | मूल्य: 2 रुपए

समस्त क्षेत्रवासियों व देशवासियों को

गणतंत्र दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं

समृद्ध किसान कृषक हित | सुदृढ़ उधोग मिल हित | खुशहाल देश राष्ट्र हित

अवध शूगर एण्ड एनर्जी लिमिटेड

यूनिट – स्योहारा, जिला – बिजनौर

पोस्ट– स्योहारा 246746, जिला – बिजनौर (उ.प्र.)

कृषक भाईयों से अपील

1. मिल पर्ची एस.एम.एस. मिलने के उपरान्त ही गन्ने की कटाई करे।
2. चीनी मिल को साफ सुथरा, ताजा एवं जड़, पत्ती, अगोला रहित गन्ना ही आपूर्ति करें।
3. यदि आपकी बुग्गी/ट्राली में जड़, पत्ती, अगोला, मिट्टी व सूखा गन्ना आदि पाया जाता है तो ऐसी बुग्गी/ट्राली के गन्ने की खरीद चीनी मिल द्वारा नहीं की जायेगी।
4. किसान भाई गन्ने की छिलाई करते समय खेत में ही सूखे गन्ने को अलग निकला दें तथा गन्ने की पुली में बांधकर मिल में आपूर्ति न करें, ऐसे गन्ने से चीनी परता प्रभावित होता है।
5. गन्ने को बंधाई हेतु केवल पुआल (धान का पोरा/सूखी पत्ती) का ही प्रयोग करें। हरा बंधन युक्त गन्ना तौल नहीं किया जायेगा।
6. पर्ची वैधता (समयावधि) 72 घंटे की है।
7. जिस क्रय केन्द्र के लिए समिति पर्ची जारी की गई है, उसी क्रय केन्द्र पर पर्ची की तोल की जायेगी।
8. मिल गेट के लिए जारी पर्ची को क्रय केन्द्र पर नहीं तौला जायेगा।
9. बाह्य क्रय केन्छ पर एडवांस गन्ने की (अवैधानिक लेन–देन) तौल न कराये, एडवांस गन्ने की चीनी मिल की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
10. यदि आप अपना मोबाइल नम्बर बदलते हैं तो इसकी सूचना तुरंत समिति को उपलब्ध करा दें जिससे की समस्त जानकारी एस.एम.एस. के द्वारा आपको समय–समय पर दी जा सके।

आपका शुभेच्छु

सुखवीर सिंह

कार्यकारी अध्यक्ष

समस्त क्षेत्रवासियों व देशवासियों को

गणतंत्र दिवस

राजपाल सैनी (अध्यक्ष)
नगर पालिका हसनपुर

की हार्दिक शुभकामनाएं

विजयपाल सिंह
(अधिशासी अधिकारी)
नगर पालिका हसनपुर

गणतंत्र दिवस 2026 के शुभ अवसर पर नगर के सभी नागरिकों से अपील:- पालिका अच्छी नागरिक सुविधाओं के लिए नगर के सभी नागरिकों से निम्न अपेक्षा करती है।

1. नगर आपका है इसे साफ सुन्दर बनाये रखने में सहयोग दें, सड़को पर कूड़ा न फैलायें।
2. पानी बहुमूल्य है इसकी बचत करें, जल बचायें जल ही जीवन है।
3. अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण करें।
4. परिवार में हुये जन्म अथवा मृत्यू का पंजीकरण करायें।
5. पर्यावरण की दृष्टि से वृक्षारोपण अवश्य करायें, पॉलिथीन का उपयोग न करायें।
6. पालिका के सभी करों एवं शुल्कों का नियमित रूप से भुगतान करें।
7. स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 में पालिका का सहयोग करें।

निवेदकः- नगर पालिका परिषद - हसनपुर (अमरोहा)

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की बधाई दी



लखनऊः उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर देश और प्रदेश के सभी मतदाताओं को बधाई दी तथा आगामी चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान के प्रति जन-जागरण हेतु संकल्पित होने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, देश व प्रदेश के सभी सम्मानित मतदाताओं को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की हार्दिक बधाई। उन्होंने कहा, मतदान हमारा संवैधानिक अधिकार और राष्ट्रीय कर्तव्य है। यह जनभागीदारी का सर्वोच्च पर्व है। योगी आदित्यनाथ ने कहा, आपका एक वोट राष्ट्र के भविष्य, समाज की प्रगति और लोकतंत्र की स्थिरता का आधार है। मुख्यमंत्री ने कहा, आइए, आगामी चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान के प्रति जन-जागरण हेतु संकल्पित हों। भारत में निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है जिसका उद्देश्य चुनाव व्यवस्था के प्रति नागरिकों को जागरूक करना और उन्हें चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है।

समस्त क्षेत्रवासियों व देशवासियों को

गणतंत्र दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं

हाशमी नर्सिंग होम स्योहारा

डॉ० जाविद हाशमी | डॉ० एन डी हाशमी

कार्यालय नगर पंचायत जोया जनपद अमरोहा

समस्त क्षेत्र व देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अपील

सभी नगर वासियों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं निम्नलिखित अपील की जाती है

1. करो की अदायगी समय से करें, पानी की टोटियां खुली न छोड़े।
2. सड़को पर अतिक्रमण न करें, बिना मानचित्र स्वीकृत कराये भवनों का निर्माण न करें।
3. जन्म–मृत्यु का पंजीकरण 21 दिनों के भीतर अवश्य करायें।
4. पालीथिन की थैलियों एंव सिंगल यूज प्लास्टिक की पत्रियों का उपयोग न करें।
5. डोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन वाहन को गीला एंव सूखा कूड़ा अलग–अलग कर सफाई कर्मियों को देकर सहयोग करें।
6. सभी नगरवासी होम कम्पोस्टिंग करें।

जुबैर अहमद, अध्यक्ष
नगर पंचायत जोया

विपिन कुमार सिंह संगर
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत जोया

नदीम अख्तर
जिला कार्यक्रम
नगर पंचायत जोया

विजय प्रसाद शर्मा
स्वच्छता प्रभारी
नगर पंचायत जोया

उजैर अहमद, प्रबंधक
नगर स्वच्छता प्रेरक
नगर पंचायत जोया

सभासदगण–वीरवती सैनी, मंगेश देवी, मुनीस अहमद, हाजी अताउर्रहमान, मौ. दानिश रफीक अहमद, इरशाद परवीन असरफी बेगम, जायदा खातून, मौ. वाजिद उर्फ लल्लन, भूरा व नसीम उर्फ भूरा।

RDH Foundation

आर डी एच फाउंडेशन एनजीओ टीम मेंबर की तरफ सभी देशवासियों को

गणतंत्र दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं

स्व. श्री देवकरण सिंह

श्रीमती रेवती देवी

समस्त क्षेत्रवासियों व देशवासियों को

गणतंत्र दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं

रनवीर सिंह
(सहायक अभियंता)

निवेदकः- प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग, जनपद अमरोहा

समस्त क्षेत्रवासियों व देशवासियों को

गणतंत्र दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं

शाहवेज हुसैन (समाजसेवी)
चेयरमैन पद के भावी उम्मीदवार

निवेदकः- नगरपालिका बछरायूँ, जनपद अमरोहा

समस्त क्षेत्रवासियों व देशवासियों को

गणतंत्र दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं

अजयपाल सिंह

यूनिट पुष्पक होटल्स एंड एलाईड इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड (वसंत होटल)

संपर्क सूत्र - 9837071455

पताः- एन. एच. 24 गजरौला जनपद अमरोहा 244235

sab ka sapna 26 January 2026:Layout 1 25-01-2026 22:38 Page 2

संपादकीय

संविधान के प्रति राजनीतिक जागरूकता पर्याप्त नहीं

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। ब्रिटिश आधिपत्य से स्वाधीनता के समय भारत के नेतृत्व ने भावी पीढ़ियों के शासन-प्रशासन हेतु एक संविधान का निर्माण किया। दो वर्ष, 11 महीने और 18 दिन तक संविधान सभा की बैठकें हुईं। उसके परिणामस्वरूप हमें विश्व का विशालतम संविधान प्राप्त हुआ। नौ दिसंबर 1946 से प्रारंभ कर 26 नवंबर 1949 तक हमारे संविधान निमार्ताओं ने भारत के राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और प्रशासनिक जीवन के विभिन्न आयामों पर वृहद विचार विमर्श किया। उन्होंने विश्व के अनेक विद्यमान संविधानों का भी गहन अध्ययन किया और भारत के संविधान में संसार भर के संविधानों के श्रेष्ठ और स्वीकार्य तत्व सम्मिलित किए गए। इस प्रकार भारत का संविधान ऐसा अभिलेख बन गया जो विश्व की श्रेष्ठतम लोकतांत्रिक संस्थाओं और परंपराओं का सहज समावेश करता है। भारतीय संविधान की निर्मिति में संलग्न लगभग 300 व्यक्तियों की ओर दृष्टिपात करें तो यह ध्यान में आता है कि तत्कालीन भारत की श्रेष्ठतम मेधा, मनीषा, प्रतिभा संविधान सभा में उपलब्ध थी। वह संविधान सभा अनेक विचारधाराओं, क्षेत्रों, मतावलंबियों, भाषा-भाषियों, आजीविकाओं, समुदायों, संप्रदायों, राज-व्यवस्थाओं और रुचियों का प्रतिनिधित्व करती थी। वहां राजनेता, साहित्यकार, लेखक, उपन्यासकार, दार्शनिक, वकील, चिकित्सक, किसान, आदिवासी सभी प्रकार के व्यक्ति थे। उन सबने लगभग प्रत्येक शब्द, प्रत्येक अनुच्छेद, प्रत्येक संस्था और प्रत्येक नियम-विधि पर गहन और गंभीर वाद विवाद भी किया। इसका ही परिणाम हुआ कि भारतीय संविधान अपनी प्रस्तावना में ही अपने दार्शनिक मूल्यों और व्यावहारिक आधार की स्पष्ट उद्घोषणा करता है। वह एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न लोकतांत्रिक गणराज्य की स्थापना का उद्घोष करता है। कालांतर में 1976 में आंतरिक आपातकाल में यहां पंथनिरपेक्ष और समाजवादी शब्द भी जोड़ दिए गए। यह संविधान भारत के समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय के साथ-साथ विचार अभिव्यक्ति, आस्था, विश्वास तथा उपासना की स्वतंत्रता तथा स्तर और अवसर की समानता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह संविधान भारत के नागरिकों में आपसी बंधुता बनाए रखने को कटिबद्ध है। यह भारत की राष्ट्रीय एकता और अक्षुण्णता बनाने के लिए संकल्पित है। भारतीय संविधान अपने चरित्र में कठोरता और नमनीयता के सम्मिश्रण से युक्त है। वह समकालीनता की अपेक्षाओं और परिवर्तनशील युगीन आकांक्षाओं के अनुरूप स्वयं को रूपांतरित करने में सक्षम है।

चिंतन-मनन

विचार प्रांति की जरूरत

एक समय अवांछनीय व्यक्तियों या तत्वों को हटाने के लिए मुख्यतः शस्त्रबल से ही काम लिया जाता था। तब विचारशक्ति की व्यापकता का क्षेत्र खुला न था। बहुसंख्यक जनता को एक दिशा में सोचने, कुछ करने या संगठित करने के लिए उपयुक्त साधन न थे। इसलिए संसार में जब भी अनाचार, पाप, अनौचित्य फैलता था, तब उस अनौचित्य का निवारण युद्ध द्वारा शस्त्रबल से किया जाता था। प्राचीनकाल में युग परिवर्तन की यही भूमिका रही है। इसी कारण रावण, कंस, हिरण्यकशिपु आदि अनीतिमूलक वातावरण उत्पन्न करने वालों को परास्त करनेवाले महामानवों को अवतार, देवदूत आदि सम्मानों से सम्मानित किया गया। पिछले कई वर्षों में विज्ञान ने अद्भुत प्रगति की है।

संसार की अनेक सभ्यताओं और विचारधाराओं ने एक-दूसरे को प्रभावित करना आरम्भ किया। साथ ही ऐसे शस्त्रों का आविष्कार आरम्भ हुआ, जिससे युद्ध केवल दो देशों के बीच संभव न रहा। सरकारी कानून के तहत व्यक्तिगत लड़ाइयां असंभव हो गई। आज किसी देश का प्रधानमंत्री भी किसी का वध कर डाले, तो उसे जरूरी सजा भुगतनी ही पड़ेगी। पुराने जमाने में योद्धा तलवार से निपट लेते थे, पर अब तो युद्ध के अस्त्र-शस्त्र तथा क्रियाकलाप इतने महंगे हैं कि एक सैनिक को मारने का खर्च प्रायः हजारों रुपये पड़ जाता है। उसके पीछे अंतरराष्ट्रीय गुटबंदी और सहायताएं, सहानुभूतियां भी काम करती हैं। इस वैज्ञानिक युग में पिछले दो युद्ध अनंत संहारक साधनों से लड़े गये, फिर भी उनसे कोई प्रयोजन सिद्ध नहीं हुआ। कहने का तात्पर्य इतना भर है कि प्राचीनकाल में अनीति व अनुपयुक्त परिस्थितियों का मूल कारण बने व्यक्तियों को निरस्त करने से वातावरण बदल जाता था, पर वैज्ञानिक प्रगति ने इस संभावना को समाप्त कर दिया। पहले कुछ शक्तिशाली शासक ही भला-बुरा वातावरण बनाने के निमित्त होते थे पर अब जनता के हर नागरिक को अपनी शक्तियां विकसित करने और उपयोग करने की ऐसी सुविधा मिल गई है कि वह स्वयं स्वतंत्र इकाई के रूप में समाज पर भारी प्रभाव छोड़ता है।

आवश्यकता है

आवश्यकता है दैनिक सब का सपना समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर संवाददाताओं की इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें या व्हाट्सएप करें।

9456884327/8218179552

आशा और चुनौती के बीच भारत का बजट तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ते कदमों की कसौटी

कांतिलाल मांडोत

फरवरी की पहली तारीख को पेश होने वाला आम बजट केवल आयव्ययय का लेखा-जोखा नहीं होगा, बल्कि यह उस दिशा का संकेत देगा, जिस ओर भारत अगले दशक में बढ़ना चाहता है। दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के बाद अब भारत की नजर तीसरे स्थान पर है और इसी लक्ष्य की नींव रखने वाला यह बजट माना जा रहा है। वैश्विक अनिश्चितताओं, बदलती भू-राजनीति, संरक्षणवाद के बढ़ते रुझान और अमेरिकी टैरिफ नीति जैसी चुनौतियों के बीच भारत को संतुलन साधते हुए आगे बढ़ना है। ऐसे समय में बजट से उम्मीदें भी बहुत हैं और आशंकाएं भी।

पिछले दस बारह वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था ने जिस तेजी से आकार बढ़ाया है, उसने दुनिया का ध्यान खींचा है। लगभग 4.18 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ भारत आज चौथे पायदान पर है और 2030 तक जर्मनी को पीछे छोड़कर तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए आने वाले तीन बजट बेहद अहम माने जा रहे हैं और मौजूदा बजट उसी श्रृंखला की पहली मजबूत कड़ी बन सकता है। सरकार की मंशा स्पष्ट है कि विकास की गति को बनाए रखते हुए आत्मनिर्भर भारत, निर्यात वृद्धि और निवेश को बढ़ावा दिया जाए, लेकिन सबसे बड़ी चुनौती है बढ़ता सार्वजनिक कर्ज।

देश पर कर्ज का बोझ अब एक ऐसे स्तर पर पहुंच चुका है, जहां उसे नजरअंदाज करना संभव नहीं रहा। पिछले एक दशक में कुल कर्ज 53 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर करीब 185 लाख करोड़ रुपये को पार कर चुका है और अनुमान है कि मार्च 2025 तक यह 196 से 200 लाख करोड़ रुपये के बीच पहुंच सकता है। इससे भी ज्यादा चिंताजनक तथ्य यह है कि हर साल लगभग 12 लाख करोड़ रुपये केवल ब्याज चुकाने में खर्च हो रहे हैं। यानी सरकार की कमाई का एक बड़ा हिस्सा विकास कार्यों की बजाय पुराने कर्ज की भरपाई में चला जाता है। यह स्थिति लंबे समय में विकास की रफ्तार पर ब्रेक लगा सकती है। हालांकि, यह भी सच है कि कर्ज अपने आप में बुरा नहीं होता, अगर उसका इस्तेमाल उत्पादक क्षेत्रों में किया जाए। समस्या तब खड़ी होती है, जब कर्ज का बोझ इतना बढ़ जाए कि वह नीतिगत फैसलों की स्वतंत्रता को सीमित करने लगे। भारत आज विश्व बैंक से कर्ज लेने वाले देशों में अग्रणी है और दुनिया के बड़े कर्जदार देशों में सातवें स्थान पर है। भले ही अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और इटली जैसे देश भारत से कहीं अधिक कर्जदार हों, लेकिन भारत जैसे विकासशील देश के लिए कर्ज का संतुलन बनाए रखना कहीं ज्यादा जरूरी हो जाता है। ऐसे में इस बजट से उम्मीद की जा रही है कि सरकार कर्ज नियंत्रण की स्पष्ट रणनीति सामने रखेगी।

बजट का आकार भी अपने आप में एक बड़ा संकेत है। पिछले बारह साल में केंद्र सरकार का बजट 15 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 50 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो चुका है। इस साल इसमें करीब 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 54 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। यह बढ़ोतरी बताती है कि सरकार विकास के लिए खर्च करने को तैयार है, लेकिन सवाल यह भी है कि क्या यह खर्च टिकाऊ वित्तीय ढांचे के साथ किया जाएगा। इंफ्रास्ट्रक्चर, आईटी, निर्माण, रक्षा उत्पादन और कृषि जैसे क्षेत्रों पर सरकार का फोकस पहले से रहा है और आगे भी इन क्षेत्रों में निवेश बढ़ने की संभावना है। चुनौती यह है कि इन निवेशों से वास्तविक रोजगार और उत्पादन कैसे बढ़ाया जाए।

वैश्विक परिदृश्य भी इस बजट को खास बनाता है। अमेरिका और अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में संरक्षणवादी नीतियों का असर अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर पड़ रहा है। टैरिफ को कूटनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने की प्रवृत्ति ने निर्यात-आयात के समीकरणों को जटिल बना दिया है। भारत के लिए यह खतरा भी है और अवसर भी। अगर सही नीतियां अपनाई जाएं, तो भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में अपनी भूमिका मजबूत कर सकता है। इसके लिए बजट में निर्यात प्रोत्साहन, एमएसएमई को सस्ता कर्ज और तकनीकी उन्नयन जैसे कदम अहम हो सकते हैं।

रक्षा क्षेत्र भी इस बजट का एक महत्वपूर्ण पहलू रहेगा। बदलते वैश्विक हालात और क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए रक्षा बजट में बढ़ोतरी की मांग लंबे समय से हो रही है। आत्मनिर्भर रक्षा उत्पादन न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करता है, बल्कि रोजगार और तकनीकी विकास को भी बढ़ावा देता है। सरकार पहले ही इस दिशा में कई कदम उठा चुकी है, लेकिन बजट के जरिए इस रफ्तार को और तेज किया जा सकता है।

आम आदमी की नजर से देखें तो बजट की सबसे बड़ी कसौटी राहत की उम्मीदों पर टिकी है। आयकर दाताओं को टैक्स स्लैब में बदलाव या छूट की आस है, वहीं महंगाई से जूझ रहे मध्यम और गरीब वर्ग को रोजमर्रा की चीजों में राहत चाहिए। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में तेज उछाल ने ज्वेलरी उद्योग को संकट में डाल दिया है। सट्टेबाजी का बाजार गरम है और इसका असर आम उपभोक्ता पर भी पड़ रहा है। ऐसे में सरकार के सामने चुनौती है कि वह बाजार में स्थिरता लाने के उपाय करे।

कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी इस बजट का अहम हिस्सा होंगी। देश की बड़ी आबादी आज भी कृषि पर निर्भर है और ग्रामीण मांग मजबूत हुए बिना समग्र विकास संभव नहीं है। किसानों की आय बढ़ाने, सिंचाई, भंडारण और मार्केटिंग व्यवस्था को सुधारने के लिए बजट में ठोस प्रावधान जरूरी हैं। इसके साथ ही शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे सामाजिक क्षेत्रों में निवेश बढ़ाना भी दीर्घकालीन विकास के लिए अनिवार्य है।

यह बजट ऐसे समय में आ रहा है, जब भारत आशा और निराशा के एक बड़े मोड़ पर खड़ा है। चौथी अर्थव्यवस्था बनने की दौड़ पूरी हो चुकी है, लेकिन तीसरी अर्थव्यवस्था बनने का रास्ता अभी चुनौतीपूर्ण है। कर्ज, वैश्विक अनिश्चितताएं और घरेलू मांग की मजबूती इन सबके बीच संतुलन साधना आसान नहीं होगा। फिर भी, अगर बजट विकास, वित्तीय अनुशासन और सामाजिक न्याय के बीच सही तालमेल बैठा पाता है, तो यह आने वाले वर्षों के लिए मजबूत आधार बन सकता है।

अंततः, एक अच्छा बजट वही होता है जो केवल आंकड़ों में नहीं, बल्कि आम लोगों के जीवन में बदलाव लेकर आए। यह बजट भारत की आर्थिक यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हो सकता है, जहां उम्मीदें भी हैं और चुनौतियां भी। देश की निगाहें टिकी हैं कि सरकार इस मौके को किस तरह अवसर में बदलती है और क्या वाकई यह बजट भारत को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर मजबूती से आगे बढ़ा पाता है।

अमेरिका का आर्थिक संकट, वैश्विक अर्थव्यवस्था पर खतरा



सनत जैन

दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था माने जाने वाले अमेरिका की वित्तीय स्थिति गंभीर सवालों के घेरे में है। अमेरिकी ट्रेजरी से जिस तेजी के साथ विदेशी पूंजी की निकासी हो रही है, जिस अनुपात में नया निवेश नहीं आ रहा है उसने अमेरिका के साथ-साथ वैश्विक आर्थिक व्यवस्था को अस्थिरता में धकेल दिया है। अमेरिकी प्रतिबंधों के डर और अमेरिका द्वारा कई देशों की संपत्तियों की जब्ती की कार्यवाही को देखते हुए दुनिया के कई देशों और निवेशकों ने अपना पैसा अमेरिका की ट्रेजरी से निकालना शुरू कर दिया है। अमेरिकी ट्रेजरी में बांड के रूप में किए गए निवेश को अधिकांश देश निकाल रहे हैं। वैश्विक स्तर पर यह आशंका व्यक्त की जा रही है, कि अमेरिका में रखा उनका पैसा अब सुरक्षित नहीं है। अमेरिका पर सार्वजनिक कर्ज. 34 ट्रिलियन डॉलर पर पहुँच चुका है। पिछले वर्षों में अमेरिकी ट्रेजरी में विभिन्न देशों की सरकारों और संस्थाओं का जमा लगातार घट रहा है। एक समय अमेरिका को सुरक्षित निवेश का सबसे बड़ा ठिकाना माना जाता था। अमेरिका द्वारा रूस, अफगानिस्तान और ईरान पर लगाए गए प्रतिबंधों के बाद उन देशों की संपत्ति और जमा राशि को जब्ती की कार्यवाही करके दुनिया के अन्य देशों के भरोसे को बड़ी चोट पहुँचाई है। नतीजतन, यूरोप, चीन, भारत सहित दर्जनों देशों ने अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड से दूरी बनानी शुरू कर दी है। अमेरिका और ब्रिटेन में जो सोना अन्य देशों ने जमा करके रखा था, उसे भी अब वापस लाया जा रहा है। दुनिया के कई देशों ने अमेरिकी बांड से राशि निकालकर सोने के रूप में निवेश करने का नया विकल्प तलाश लिया है। सभी देश डॉलर मुद्रा में जमा धन सोने के रूप में कन्वर्ट करके अपने देश के सेंट्रल बैंक में सुरक्षित रख रहे हैं। जिसके कारण अमेरिका की आर्थिक स्थिति लगातार खराब हो रही है।

डोनाल्ड ट्रंप की आक्रामक व्यापार नीति, टैरिफ युद्ध, और बार-बार प्रतिबंधों की धमकी तथा मनमाने निर्णय लेने के कारण दुनिया के देशों में अमेरिका की विश्वसनीयता लगभग खत्म हो गई है। अमेरिका की टैक्स एवं आर्थिक नीति में अनिश्चितता के कारण विदेशी निवेशक अमेरिका की ट्रेजरी में नए बॉन्ड खरीदने से हिचक रहे हैं। अमेरिका की ट्रेजरी में बहुत बड़ी राशि के पुराने बॉन्ड की समय-सीमा पूर्ण होने जा रही है। अमेरिका की ट्रेजरी पर बांड में जमा राशि लौटाने का दबाव बन रहा है। अमेरिकी ट्रेजरी से धन की निकासी बड़े पैमाने पर हो रही है। ट्रेजरी से जिस राशि का भुगतान किया जा रहा है, उस भुगतान की राशि का 25 फीसदी धन भी अमेरिकी ट्रेजरी में जमा नहीं हो रहा है। अमेरिकी ट्रेजरी में जमा कम और निकासी अधिक होने से अमेरिका की अर्थव्यवस्था खतरनाक संकट की ओर आगे बढ़ रही है। इस संकट का असर केवल अमेरिका तक सीमित नहीं रहेगा। जब अमेरिका जैसी बड़ी अर्थव्यवस्था दबाव में आती है। इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ना तय है। वैश्विक विकास-दर पहले ही सुस्त पड़ चुकी है। महँगाई, ऊँची ब्याज दरें और निवेश में गिरावट के कारण दुनिया के सभी देशों में आम लोगों की क्रय शक्ति लगातार घट रही है। लोगों के पास जरूरी खर्च करने के लिए भी पर्याप्त राशि नहीं है। नागरिकों की बचत खत्म हो गई है। नागरिकों के ऊपर कर्ज का बोझ लगातार बढ़ता चला जा रहा है, जिससे सभी देशों में मांग कमजोर हो रही है। जिसके कारण आर्थिक मंदी की आशंका गहराती जा रही है। आज दुनिया के अधिकांश देश भारी कर्ज. के बोझ में दबे हैं। यदि अमेरिका जैसी केंद्रीय अर्थव्यवस्था की स्थिति कमजोर होती है। ऐसी स्थिति में वैश्विक वित्तीय व्यवस्था में हाहाकार मचना तय है। वैश्विक स्तर पर जिस तरह से युद्ध के हालात बने हुए हैं, वैश्विक व्यापार संधि भी टैरिफ के कारण खतरे में है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिस तरह से वैश्विक व्यापार संधि को नजरअंदाज करते हुए टैरिफ का नया युद्ध शुरू किया है, वह अमेरिका के साथ-साथ सारी दुनिया के देशों के लिए नए संकट के रूप में सामने है। किसी भी देश की ताकत उसकी आर्थिक एवं सैन्य शक्ति से नहीं तय की जा सकती है। ताकतवर देश के ऊपर भरोसे, स्थिरता और जिम्मेदार नीतियां उस देश को ताकतवर बनाती हैं। अमेरिका के सामने यही सबसे बड़ी चुनौती है। ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद से विश्वास, अब अविश्वास में बदल गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अब गैंगस्टर के रूप में पहचाना जा रहा है। जिसके कारण अमेरिका पर पहले जो विश्वास था, वह तेजी के साथ खत्म हो रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति की वर्तमान नीतियों के कारण सारी दुनिया के लिए एक नई चुनौती खड़ी हो गई है। दुनिया का खोया हुआ विश्वास, अमेरिका कैसे प्राप्त करेगा, इसको लेकर तरह-तरह की आशंका दुनिया के देशों में देखने को मिल रही है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी सनक के कारण सारी दुनिया के देशों से न केवल दूरियां बढ़ा ली हैं, वरन अमेरिका की वित्तीय व्यवस्था को भी ऐसी स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया है, जहां अमेरिका को अपने आप को बचाने के लिए कडा संघर्ष करना पड़ रहा है। अब देखना यह है, अमेरिका इस चुनौती का मुकाबला किस तरह से करता है। दुनिया के देशों में इसका किस हद तक असर पड़ता है।

भारत का 77वाँ गणतंत्र दिवस : संविधान, उपलब्धियाँ और चुनौतियाँ

26 जनवरी 1950 वह दिन है जब भारत का संविधान लागू हुआ था और इसी दिन भारत एक गणतंत्र राष्ट्र बना। इससे पूर्व 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा भारतीय संविधान को अंगीकार किया गया था। इस बार अर्थात वर्ष 2026 में भारत अपना 77वाँ गणतंत्र दिवस मनाने जा रहा है। दूसरे शब्दों में कहें तो 26 जनवरी 1950 वह ऐतिहासिक दिन था जब भारत एक संप्रभु, समाजवादी, लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष गणराज्य के रूप में विश्व पटल पर स्थापित हुआ। गणतंत्र (रि-पब्लिक) का अर्थ है-एक ऐसी शासन व्यवस्था, जिसमें सत्ता का स्रोत जनता होती है और सरकार लोकतांत्रिक प्रक्रिया द्वारा चुनी जाती है। गणतंत्र में शासन का सर्वोच्च पद प्राचीनकाल की भांति किसी राजा या महाराजा के पास नहीं होता, बल्कि इसमें संविधान ही सर्वोपरि होता है। वास्तविक अर्थों में, गणतंत्र का मतलब यही है कि संविधान वह मूल कानून है, जो नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों को निर्धारित करता है। सरल शब्दों में कहा जाए तो गणतंत्र वह व्यवस्था है, जहाँ जनता का शासन कानून और संविधान के माध्यम से चलता है। संविधान का अर्थ है-देश का सर्वोच्च कानून, जिसके ऊपर कोई व्यक्ति, सरकार या संस्था नहीं होती। यही कारण है कि संविधान को देश को चलाने वाली नियम-कानूनों की सर्वोच्च पुस्तक कहा जाता है।

पाठकों को जानकारी होगी कि भारतीय संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। यह स्पष्ट करता है कि देश कैसे चलेगा, सरकार कैसे बनेगी और कैसे कार्य करेगी, नागरिकों के मूल अधिकार और कर्तव्य क्या होंगे तथा देश में न्याय, समानता और स्वतंत्रता कैसे सुनिश्चित की जाएगी। यह कहना गलत नहीं होगा कि जिस देश में संविधान सुरक्षित है, वहाँ लोकतंत्र भी सुरक्षित रहता है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि भारतीय संविधान के निर्माणकर्ता और संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर थे तथा भारतीय संविधान का मूल आधार लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, न्याय, समानता और स्वतंत्रता है।

गणतंत्र दिवस 2026 की मुख्य थीम व उपलब्धियां:-

इस वर्ष गणतंत्र दिवस 2026 की मुख्य थीम '150 वर्ष : वंदे मातरम्' रखी गई है। अर्थात् इस बार देश के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की रचना के 150 वर्ष पूरे होने का उत्सव मनाया जा रहा है। यह थीम बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ को सम्मान देती है, जो हमारे देश की संस्कृति, इतिहास और स्वतंत्रता संग्राम की भावना को अभिव्यक्त करती है। इसके अतिरिक्त वर्ष 2026 के समारोह की दूसरी महत्वपूर्ण थीम ह्यविकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत' है, जिसका उद्देश्य वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को प्रदर्शित करना है। इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड की एक विशेष उपलब्धि यह है कि पहली बार यूरोपीय संघ के शीर्ष नेताओं को संयुक्त रूप से मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा तथा यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन इस अवसर पर भारत आएंगे। यह आमंत्रण भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) संबंधों की बढ़ती मजबूती का प्रतीक है। यूरोपीय संघ यूरोप के 27 देशों का एक आर्थिक-राजनीतिक समूह है, जो आपसी सहयोग, व्यापार, अर्थव्यवस्था, शांति, लोकतंत्र, मानवाधिकारों और सीमा-रहित यात्रा जैसे विषयों पर साझा निर्णय लेता है। गणतंत्र दिवस 2026 की एक और खास बात यह है कि भारतीय सेना पहली बार कर्तव्य पथ पर एक नया 'बैटल ऐरे फॉर्मेशन' प्रस्तुत करेगी। इसके साथ ही दर्शक दीघाओं के नाम अब नेताओं के बजाय भारत की प्रमुख नदियों के नाम पर रखे गए हैं, जो वीवीआईपी संस्कृति के अंत और जन-प्रधान लोकतंत्र की भावना को दशार्ता है।

उभरती हुई अर्थव्यवस्था है भारत:-

बहरहाल, आज भारत वैश्विक मंच पर लगातार उभरती हुई एक बड़ी शक्ति बन चुका है। वर्तमान में भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। जनवरी 2026 के ताजा आँकड़ों के अनुसार, भारत ने नॉमिनल जीडीपी के मामले में जापान को पीछे छोड़ते हुए यह गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त किया है। भारत की अर्थव्यवस्था लगभग 4.18 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के पार पहुँच चुकी है और यह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बनी हुई है। क्रय शक्ति समानता (पीपीपी) के आधार पर भारत पहले से ही विश्व में तीसरे स्थान पर है। अब भारत का अगला लक्ष्य जर्मनी को पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनना है, जिसके 2027-28 तक साकार होने की पूरी संभावना है। यह आर्थिक प्रगति मजबूत घरेलू उपभोग, बुनियादी ढाँचे में भारी निवेश और डिजिटल क्रांति के कारण संभव हुई है।

गणतंत्र के समक्ष विद्यमान प्रमुख चुनौतियां:-

हालाँकि, 76 वर्ष पूरे करने के बावजूद आज भारतीय गणतंत्र के समक्ष कई गंभीर चुनौतियाँ भी मौजूद हैं। वास्तव में कोई भी गणतंत्र तभी जीवित रहता है जब उसके नागरिक जागरूक और सजग हों। यह अत्यंत चिंताजनक है कि वर्तमान समय में हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों का क्षरण होता जा रहा है। संवाद, सहमति और असहमति की स्वस्थ परंपरा कमजोर पड़ रही है। मतभेद को देशद्रोह और आलोचना को विरोध मानने की प्रवृत्ति किसी भी लोकतंत्र के लिए घातक है। यह बहुत दुखद है आज संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगाए जा रहे हैं। न्यायपालिका, विधायिका, कार्यपालिका और मीडिया जैसी संस्थाओं पर दबाव और पक्षपात के आरोप गणतंत्र की नींव को चुनौती देते हैं। धर्म, जाति, भाषा और विचारधारा के आधार पर बढ़ता सामाजिक ध्रुवीकरण राष्ट्रीय एकता और भाईचारे को कमजोर करता है। नागरिक अधिकारों और स्वतंत्रताओं पर दबाव, राजनीति का अपराधीकरण, धनबल का बढ़ता प्रभाव, मीडिया और सोशल मीडिया की चुनौतियाँ-जैसे फेक न्यूज, ट्रोल संस्कृति और प्रोपेगैंडा भी लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरे हैं। इसके साथ ही अमीर और गरीब के बीच बढ़ती खाई, सामाजिक न्याय की चुनौतियाँ और नागरिक कर्तव्यों-जैसे मतदान, कर भुगतान, पर्यावरण संरक्षण और संवैधानिक मयार्दा-के प्रति बढ़ती उदासीनता गणतंत्र को कमजोर करती है।आर्थिक दृष्टि से भी चुनौतियाँ बनी हुई हैं। हालिया रिपोर्टों के अनुसार घरेलू बचत में कमी आई है, परिवारों की बचत घट रही है और कर्ज पर निर्भरता बढ़ी है, जो आर्थिक स्थिरता के लिए चिंता का विषय है। आवश्यकता इस बात की है कि आर्थिक असमानता कम की जाए और मध्यम वर्ग के लिए शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और सस्ता बनाया जाए। राष्ट्रीय सुरक्षा और वैश्विक चुनौतियों की बात करें तो सीमा विवाद-विशेषकर चीन और पाकिस्तान के साथ-साइबर सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषय आज गणतंत्र के सामने बड़े और अहम मुद्दे हैं। निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि आज गणतंत्र को सबसे अधिक आवश्यकता संविधान के अक्षरों को ही नहीं, बल्कि उसकी आत्मा को समझने और जीने की है। सजग नागरिक, स्वतंत्र संस्थाएँ, नैतिक राजनीति और सहिष्णु समाज-इन्हीं के माध्यम से भारतीय गणतंत्र सुरक्षित रहेगा। तभी हम प्रगति और उन्नयन की दिशा में आगे बढ़ते हुए अपने भारत को वास्तव में सपनों का भारत बना सकेंगे।

अमरोहा
सोमवार 26 जनवरी 2026
www.sabkasapna.com
हिंदी दैनिक
सब का सपना

त्रिवेणी इंजीनियरिंग एण्ड इण्डस्ट्रीज लि0 शुगर यूनिट चन्दनपुर
की ओर से
सभी कृषक भाईयों को 77वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर
त्रिवेणी परिवार की ओर से बहुत–बहुत हार्दिक शुभकामनायें।

सभी कृषक भाईयों से अपील है कि–

- अपना समस्त गन्ना चीनी मिल में ही सप्लाई करें बेसिक कोटा बनाये तथा उपज का पूरा दाम प्राप्त करें।
- सप्लाई वाले गन्ने में रेडरॉट वाला रोगीला गन्ना छांटकर ही लाये तथा निरोगी साफ ताजा छिला हुआ गन्ना सप्लाई करें।
- रेडरॉट से बचाव के लिये बहुत जरूरी है कि जमीन शोधन ट्राइकोडरमा से और बीज शोधन थायोफिनेट मिथाइल (हेक्सास्टॉप) से किया जाये। चीनी मिल दोनो दवाइयां 50 प्रतिशत छूट पर उपलब्ध हैं।
- अधिक से अधिक तिपेड़ी का रकबा रखें और बीज की समस्या को कम करें। गन्ने की खेती का पूरा लाभ मिले। साथ ही साथ अगले वर्ष आपके गन्ने का रकबा बरकरार रहे।
- बसंतकालीन गन्ना बुवाई में प्रजातियां को. 15023, कोजा. 88, को. 118, को. 98014, कोजा. 85 की ही बुवाई करें।
- रेडरॉट से बचाव और शुद्ध प्रजाति का अच्छा गन्ना बीज के लिए अपने पास कम से कम 1 बीघा की गन्ना बीज नर्सरी अवश्य लगायें, जिसमें केवल गन्ने का ऊपरी 1/3 भाग बोये।
- लागत कम और अधिक पैदावार लेने के लिए लाइन से लाइन की दूरी 4 फिट से अधिक रखें और कृषि क्रियाओं में छोटा ट्रैक्टर और छोटे कृषि यंत्रों का प्रयोग बढ़ायें।
- केवल उपरोक्त गन्ना प्रजातियों के गन्ना बीज की व्यवस्था स्वयं या दूसरे किसान के पास अभी से कर लें और अपने समस्त गन्ने की बुवाई 31 मार्च से पूर्व कर लें अन्यथा की दशा में बीज उपलब्धता नहीं हो पायेगी।
- अज्ञात प्रजातियों की बुवाई न करें। आगामी वर्ष में अस्वीकृत प्रजाति के गन्ने का न तो सर्वे किया जायेगा और न ही आपूर्ति में लिया जायेगा।
- पराली व पत्ती खेत में न जलायें इसके लिये मल्चर का प्रयोग कर कम्पोस्ट बनाकर भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ायें।

16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कलैक्ट्रेट में आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम

अमरोहा (सब का सपना):- जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कलैक्ट्रेट में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया और उपस्थित सभी को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों की छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता पर आधारित नाटक एवं गीत प्रस्तुत किए। इसके साथ श्रीमद् दयानंद कन्या गुरुकुल महाविद्यालय और लिटिल स्कॉलर की छात्र छात्राओं ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर विस्तृत एवं गहन चर्चा की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना आवश्यक है। जिलाधिकारी ने कहा कि हमारे देश में आजादी के समय से ही सभी को मत देने का समान अधिकार प्राप्त है। कहा कि हर एक मत का अपना महत्व है, इसलिए जब भी मतदान हो अपना वोट डालने जरूर जाएं। उन्होंने सभी जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि इस समय विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है, विशेष अभियान भी संचालित किया जा रहा है। जिसके तहत जो पात्र हैं, वो अपना वोट जरूर बनवाएं और किसी को संशोधन कराना है तो वो भी अपने बूथ पर जाकर करा सकते हैं। आज का युवा ही आने वाले समय में देश की सशक्त नीव बनेंगे। लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना सहयोग दें। उन्होंने उपस्थित सभी से लगाए गए स्टॉल का अवलोकन कर उसमें दी जा रही सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने उसका लाभ उठाने और अन्यों तक पहुॅचाने की अपील की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित जनों को मतदाता शपथ दिलाई कि हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे और स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें। मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मतदान एक अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी है। मतदान हमारा अधिकार और सही उपयोग हमारा कर्तव्य है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक करना है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र हैं। उन्होंने उपस्थित समूह की महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्टॉलों के माध्यम से जो जानकारी प्राप्त हुई है उसका लाभ उठाएं और अन्यों तक पहुॅचाएं। उन्होंने महिलाओं से समूह के जरिए आत्मनिर्भर और सशक्त बनने के लिए और मेहनत करने की बात कही। उप जिला निर्वाचन अधिकारी गरिमा सिंह ने कहा कि एक जागरूक मतदाता अपने देश की सरकार चुनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है इसलिए मतदान जरूरी है। वोट बनवाने के साथ ही मतदान की प्रक्रिया को ठीक से समझें। इस अवसर पर जनपद स्तर पर आयोजित रंगोली, भाषण, स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र एवं छात्राओं को सम्मानित किया गया। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने समूह से जुड़ने और उससे होने लाभ के बारे में जागरूक करने संबंधी नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सांसकृतिक कार्यक्रम करने वाले स्कूली बच्चों एवं समूह की महिलाओं, बीसी सखी, बैंक सखी और विद्युत सखी को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता एवं देशभक्ति पर काव्यपाठ करने वाले शिक्षकों डॉ0 जमशेद कमाल, घुरहूराम और शीबान कादरी को भी सम्मानित किया गया। समूह की महिलाओं द्वारा उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों के अनुभव भी साझा किए गए। प्रगतिशील किसानों को बीजों की मिनी किट का वितरण किया गया। मंच का संचालन डॉ0 वीके शुक्ला ने किया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख गुरेन्द्र सिंह ढिल्लो, ब्लॉक प्रमुख राजेन्द्र सिंह खडगवंशी, डिप्टी कलेक्टर बृजपाल सिंह, जिला विकास अधिकारी सरिता द्विवेदी, पीडी डीआरडीए अम्बरीष कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ0 प्रवेश कुमार, जिला सूचना अधिकारी मो0 दानिश सहित वरिष्ठ अधिकारीगण, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, छात्र और आमजन उपस्थित रहे।

अटूट श्रद्धा का केंद्र है कोकापुर का प्राचीन पातालेश्वर शिव मंदिर

ढवारसी/अमरोहा (सब का सपना):- क्षेत्र के गांव कोकापुर में स्थित प्राचीन पातालेश्वर शिव मंदिर इन दिनों शिवभक्तों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह मंदिर धार्मिक स्थल के अलावा अटूट विश्वास का प्रतीक भी है। मंदिर के इतिहास के बारे में गांव के बुजुर्ग बताते हैं कि दशकों पहले एक किसान अपने खेत में झाड़ियों की सफाई कर रहा था। इसी दौरान उसकी दरांती जमीन में दबे एक पत्थर से टकरा गई, जिससे अचानक रक्त की धारा बहने लगी। यह देख ग्रामीण अचंभित रह गए। जब उस स्थान की खुदाई की गई, तो वहां एक शिवलिंग प्रकट हुआ जिसकी जड़ें पाताल तक गहरी प्रतीत हो रही थीं। इसी कारण इस मंदिर का नाम पातालेश्वर महादेव पड़ा। ग्रामीणों ने मिलकर वहां एक छोटा मंदिर बनाया, जो आज विशाल रूप ले चुका है। मंदिर के पुजारी अम्बेद गिरी ने बताया कि शिवरात्रि और सावन के महीने में मंदिर की रौनक देखते ही बनती है। सावन के प्रत्येक सोमवार को यहाँ विशाल भंडारे का आयोजन होता है। सुबह-शाम होने वाली आरती में भारी संख्या में भक्त शामिल होते हैं। श्रद्धालु सोनू राणा ने बताया कि शिवरात्रि के पर्व को लेकर भक्तों में भारी उत्साह रहता है। भक्तजन मंदिर की साफ-सफाई और रंग-रोगन करते हैं। महादेव यहाँ आने वाले हर भक्त की मुराद पूरी करते हैं, विशेषकर हरिद्वार से कांवड़ लाकर जलाभिषेक करने वालों पर शिव की विशेष कृपा रहती है। अगर मंदिर तक पहुंचने की बात करें तो श्रद्धालु दो प्रमुख मार्गों से आसानी से पातालेश्वर मंदिर पहुँच सकते हैं। पहली ढवारसी से होते हुए कोकापुर के लिए सुगम रास्ता है। जबकि संभल से सौंधन होते हुए भी भक्त आसानी से मंदिर तक पहुँच सकते हैं। वैसे तो मंदिर पर प्रत्येक सोमवार को भक्तों का सैलाब उमड़ता है लेकिन सावन और फाल्गुन माह में यहाँ रुद्राभिषेक और दुग्धाभिषेक का विशेष महत्व है। मान्यता है कि जो भी भक्त यहाँ सच्ची श्रद्धा से अपनी अर्जी लगाता है, भगवान भोलेनाथ उसकी झोली खुशियों से भर देते हैं।

उद्यान विभाग द्वारा किसानों को मधुमक्खी पालन योजना से मिला बढ़ावा

अमरोहा (सब का सपना):- जनपद में उद्यान विभाग द्वारा मधुमक्खी पालन को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दिया जा रहा है। किसान इस व्यवसाय से अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं और परिवार को शुद्ध, गुणवत्ता युक्त शहद के रूप में पौष्टिक आहार प्राप्त हो रहा है।जिला उद्यान अधिकारी अवनीश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि अनुसूचित जाति के कृषकों के लिए प्रति किसान 5 बक्से मधुमक्खी कॉलोनियां 90% अनुदान पर वितरित की गई हैं। इससे कम लागत में मधुमक्खी पालन शुरू करना संभव हो पाया है। इसके अलावा एम.आई.डी.एच योजना के तहत पांच महिला समूहों (कृषक दीदियों) को कुल 120 बक्से मधुमक्खी कॉलोनियां, 6 मधु निष्कासन यंत्र तथा अन्य आवश्यक उपकरण और कीटनाशक प्रदान किए गए हैं। ये योजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के अवसर बढ़ा रही हैं, किसानों की आय में सुधार ला रही हैं तथा पर्यावरण संरक्षण और फसलों की बेहतर परागण में भी योगदान दे रही हैं। विभाग द्वारा किसानों को नियमित प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता भी उपलब्ध कराई जा रही है।

डिडौली क्षेत्र स्थित फैक्ट्री में मजदूर की संदिग्ध मौत, परिजनों ने फैक्ट्री प्रबंधन पर लापरवाही का लगाया आरोप

डिडौली/अमरोहा (सब का सपना):- जनपद के डिडौली कोतवाली क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री में शनिवार और रविवार की मध्य रात्रि एक मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई ।मृतक की पहचान संतोष कुमार के रूप में की गई जिसकी उम्र करीब 37 वर्ष बताई जा रही है ।इस मामले में मृतक के परिजनों ने फैक्ट्री प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि मृतक संतोष फैक्ट्री में 6 साल से काम कर रहा था। बता दें कि पूरा मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र स्थित सी एल गुप्ता एक्सपोर्ट्स लिमिटेड फैक्ट्री का है, जहां पर शनिवार और रविवार की मध्य रात्रि में एक मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस मामले में प्राप्त जानकारी के मुताबिक संतोष कुमार पिछले 6 वर्षों से फैक्ट्री में कार्यरत था, जो सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक काम करता था। बताया जा रहा है कि वह अक्सर ओवर टाइम करता था ,बीते शनिवार और रविवार की मध्य रात्रि करीब 1:00 बजे फैक्ट्री से उनके परिवार को संतोष की तबीयत बिगड़ने की सूचना दी गई। परिजनों का आरोप है कि संतोष को समय पर प्राथमिक उपचार नहीं मिला जिसके कारण उसकी जान चली गई। इसके अलावा मृतक संतोष पुत्र बबलू गांव कुमराला का रहने वाला बताया जा रहा है। वह अपने पीछे पत्नी पूनम देवी और तीन बेटों को छोड़कर गया है ,उनकी माता का नाम शकुंतला देवी और एक भाई अशोक भी है ,संतोष के छोटे भाई पिंटू ने पुलिस को तहरीर देकर फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं मामले की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया यह भी जा रहा है कि इस फैक्ट्री में पहले भी कई मजदूरों की मौतें हो चुकी हैं, जिससे फैक्ट्री में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत अमरोहा पुलिस द्वारा मोटर साइकिल जन-जागरूकता रैली का आयोजन

धनौरा/अमरोहा (सब का सपना):- जनपद के धनौरा में रविवार को तहसील सभागार के मीटिंग हॉल में 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी (एसडीएम) विभा श्रीवास्तव ने विधानसभा 39-धनौरा (अ०जा०) में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (SIR) अभियान के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) और सुपरवाइजर्स को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया ।कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा मतदाता शपथ के साथ हुआ। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने सभी को लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा बनाए रखने और स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन में सहभागिता करने की शपथ दिलाई। उन्होंने इस दौरान कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में होना अनिवार्य है, जिसमें बीएलओ की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है ।विशेष पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने के लिए निम्नलिखित बीएलओ और सुपरवाइजर्स को मंच पर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले लेखपाल (सुपरवाइजर) में रमेशचन्द्र सैनी, अजय जवाहर, आदर्श मांगट, निशांत चौहान, प्राची भारद्वाज और हिमांशु शामिल थे। बीएलओ में ज्योति सिंह, मणिकांत, सविता, रेखा रानी, काजल, संगीता, संदीप भाटिया, श्याम सिंह, ऋषिपाल, शहाबुद्दीन और मुहम्मद फिरोज को सम्मानित किया गया ।एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों के जज्बे की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन कर्मचारियों ने कठिन परिस्थितियों में भी घर-घर जाकर मतदाता सूची को त्रुटिहीन बनाने में विशेष योगदान दिया है। इस अवसर पर तहसीलदार मूसा राम थारु, गौरव शर्मा और योगेश कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए और सभी कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया ।कार्यक्रम में तहसील प्रशासन के अन्य कर्मचारी और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत अमरोहा पुलिस द्वारा मोटर साइकिल जन-जागरूकता रैली का आयोजन

अमरोहा (सब का सपना):- जनपद में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जनपद अमरोहा में सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक मोटर साइकिल रैली का आयोजन किया गया। उक्त मोटर साइकिल रैली को पुलिस अधीक्षक अमरोहा श्री अमित कुमार आनंद द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जो बम्बूगढ़, टीपी नगर, गांधी मूर्ति, नंदन स्वीट्स, रामलीला ग्राउंड, जेएस इंटर कॉलेज होते हुए कोतवाली रोड से गुजरकर अमरोहा नगर कोतवाली पर जाकर संपन्न हुई। रैली को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक अमरोहा ने उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अनिवार्य रूप से धारण करने, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, मोबाइल फोन का प्रयोग करते हुए वाहन न चलाने तथा नशे की अवस्था में वाहन न चलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। मोटर साइकिल रैली में यातायात पुलिस, थाना पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारी/कर्मचारी, सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य, मोटर साइकिल एजेंसियों के स्टेकहोल्डर व कर्मचारी तथा आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। रैली के समापन के उपरांत उपस्थित सभी प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन के संबंध में शपथ दिलाई गई। अमरोहा पुलिस द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु इस प्रकार के कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं।

उत्तर प्रदेश दिवस पर सरस मेले का मुख्य बिकास अधिकारी ने किया निरीक्षण

बहजोई/सम्भल(सब का सपना):- रोडवेज बस स्टैंड बहजोई परिसर में विकसित उत्तर प्रदेशझ्रविकसित भारत की थीम पर आयोजित तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश दिवस 2026 कार्यक्रम (24 से 26 जनवरी) के द्वितीय दिवस पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने कार्यक्रम के अंतर्गत चल रहे जनपद सरस मेले का भ्रमण कर अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं सहायता समूहों की दीदियों द्वारा लगाए गए गोमय उत्पाद, मसाले, अचार एवं अन्य घरेलू उत्पादों को देखा और स्वयं खरीदारी कर अन्य लोगों को भी स्थानीय उत्पादों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर आयोजित सरस मेले में अधिक से अधिक लोग पहुंचें, विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों से जानकारी प्राप्त करें और स्वयं सहायता समूहों की दीदियों के उत्पादों की खरीदारी कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में सहयोग करें। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राम आशीष, कृषि उप निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी एवं जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रत्नेश कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

छात्र-छात्राओं ने ली निर्वाचन की शपथ, एक देशझ्रएक चुनाव विषय पर हुई भाषण प्रतियोगिता

गंगेश्वरी/अमरोहा(सब का सपना):- जनपद के राजकीय महाविद्यालय, गंगेश्वरी में रविवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की और लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने का संकल्प लिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्या डॉ. वन्दना भारद्वाज ने छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों को निर्वाचन की शपथ दिलाई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मताधिकार लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है और प्रत्येक नागरिक को बिना किसी दबाव के अपने मत का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ह्लएक देश, एक चुनावह्व विषय पर भावपूर्ण भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने चुनावी सुधार, समय और संसाधनों की बचत तथा लोकतंत्र को मजबूत करने जैसे विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. दिलीप कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विजेन्द्र कुमार, धर्मेन्द्र सिंह, अजय कुमार, तोताराम सहित अन्य शिक्षकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन लोकतंत्र को सशक्त बनाने और मतदान के प्रति जागरूक रहने के संकल्प के साथ किया गया।

sab ka sapna 26 January 2026:Layout 1 25-01-2026 22:38 Page 5

जनता शासन पार्टी की बैठक विकास कार्यों को लेकर विपक्ष पर साधा निशान

कैला देवी/सम्भल (सब का सपना):- जिले के थाना कैला देवी अंतर्गत गांव कमालपुर खानूपुरा में राष्ट्रीय जनता शासन पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों की कमी, शिक्षा, स्वास्थ्य, किसानों की समस्याओं तथा बढ़ती बेरोजगारी जैसे गंभीर मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।
पार्टी के जिला अध्यक्ष राम रहीश उर्फ राजेश यादव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि इन मुद्दों को लेकर जनता में गहरा असंतोष है। उन्होंने वर्तमान असमोली विधायक पर तीखा निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि क्षेत्र में अपेक्षित विकास कार्य नहीं हो रहे हैं, जिससे लोगों की बुनियादी सुविधाएं प्रभावित हो रही हैं।
बैठक के दौरान पार्टी को मजबूत बनाने और संगठन विस्तार के लिए कई महत्वपूर्ण नियुक्तियां भी की गईं। जिला अध्यक्ष राम रहीश उर्फ राजेश यादव ने नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए निम्नलिखित पदाधिकारियों की घोषणा की। दानवीर यादव - विधानसभा अध्यक्ष, असमोली पिंटू शर्मा - जिला महासचिव, सम्भल राधे श्याम यादव - ब्लॉक अध्यक्ष, पावसा ये नियुक्तियां पार्टी के स्थानीय स्तर पर संगठन को और मजबूत बनाने की दिशा में उठाया गया कदम माना जा रहा है। पार्टी कार्यकताओं ने बताया कि ऐसी बैठकों के माध्यम से जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा और आगामी समय में इन्हें और तेजी से जन-आंदोलन का रूप दिया जाएगा।
यह बैठक स्थानीय राजनीतिक गतिविधियों में राष्ट्रीय जनता शासन पार्टी की सक्रियता को दशार्ती है, खासकर असमोली विधानसभा क्षेत्र में जहां विकास के मुद्दे हमेशा चर्चा में रहते हैं।

सम्भल के जाबुल स्नैक सेवर ने अमरोहा में किया सांप का सफल रेस्क्यू

मेरा असल मकसद सांपों को इंसानों से और इंसानों को सांपों से बचाना है:- जाबुल

सम्भल(सब का सपना):- जनपद के गांव ववैना निवासी और जाने-माने स्नैक सेवर जाबुल ने एक बार फिर मानवता और वन्यजीव संरक्षण की मिसाल पेश की। यह रेस्क्यू अभियान मुरादाबाद की स्नेक रेस्क्यूर शाजिया के साथ सम्पन्न हुआ। मामला जिला अमरोहा के भीखनपुर मुंडा गांव का है, जहां ग्रामीणों ने एक सांप देखे जाने की सूचना दी। सूचना मिलते ही जाबुल बिना देर किए मौके पर पहुंचे। वहां पहुंचकर उन्होंने देखा कि एक सांप उपलों के बटोरे में छिपा हुआ है। सांप को देखते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई और लोग दहशत में आ गए। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए जाबुल ने अपनी जान की परवाह किए बिना बेहद सावधानी और सूझ-बूझ से सांप को जिंदा बाहर निकाला। रेस्क्यू के दौरान उन्होंने लोगों को शांत किया और समझाया कि हर सांप जहरीला नहीं होता। रेस्क्यू किए गए सांप की पहचान इंडियन रैट स्नैक के रूप में हुई, जो गैर-जहरीला होता है और चूहों को खाकर किसानों की फसलों की रक्षा करता है। जाबुल ने बताया कि यह सांप खेती के लिए बेहद उपयोगी होता है और इसे मारना पर्यावरण के लिए नुकसानदायक है। रेस्क्यू के बाद जाबुल ने उस सांप को सुरक्षित रूप से घने जंगल में छोड़ दिया, ताकि वह अपने प्राकृतिक आवास में स्वतंत्र रूप से रह सके। जाबुल ने बताया मेरा असल मकसद सांपों को इंसानों से और इंसानों को सांपों से बचाना है। डर की वजह से लोग सांपों को मार देते हैं, जबकि ज्यादातर सांप नुकसान नहीं पहुंचाते। इस साहसिक और सराहनीय कार्य के बाद ग्रामीणों ने जाबुल की जमकर प्रशंसा की और उनके जज्बे को सलाम किया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर 237वें मुख्यमन्त्री आरोग्य मेले का आयोजन

